सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link: https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 2 | अंक 19 | अजमेर, मंगलवार 25 मार्च 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

# अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर के चुनाव में सत्यनारायण भाटी की जीत

## अध्यक्ष पद के लिए वोट डालने पहुंचे हजारों मतदाता

अजमेर पुष्कर। अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर के अध्यक्ष पद के लिए हुए त्रैवार्षिक चुनाव में सत्यनारायण भाटी 153 मतों से विजयी घोषित किए गए। उन्हें 1727 मत मिले। त्रिकोणीय मुकाबले में उनके निकटतम प्रत्याशी डेगाना के ताराचंद गहलोत को 1574 वोट हासिल हुए। तीसरे स्थान पर नागौर भखरी के श्याम सोलंकी रहे। सोलंकी को 1571 मत मिले।चुनाव परिणाम देर शाम घोषित किया गया। इससे पहले शाम करीब छह बजे वोटों की गिनती आरंभ हुई। इससे पहले गहमागमी के बीच सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संस्थान के देशभर से जुडे सदस्यों ने वोट डाले। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही सत्यनाराण भाटी को फूल मालाओं से लादकर उनके समर्थकों ने कंधों पर उठा लिया तथा जीत का जश्न मनाया।चुनाव परिणाम देर शाम घोषित किया गया। इससे पहले शाम करीब छह बजे वोटों की गिनती आरंभ हुई। इससे पहले गहमागमी के बीच सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संस्थान के देशभर से जुडे सदस्यों ने वोट डाले। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही सत्यनाराण भाटी को फूल मालाओं से लादकर उनके समर्थकों ने कंधों पर उठा लिया तथा जीत का जश्न मनाया। इस बार अध्यक्ष पद के लिए तीनों दावेदारों सत्यनारायण भाटी पुष्कर, श्याम सोलंकी भखरी और ताराचंद गहलोत डेगाना के बीच कांटे का मुकाबला रहा। बीते दिनों हुई समाज की आम सभा में अध्यक्ष पद के लिए योग्य उम्मीदवार पर सर्वसम्मति नहीं बन पाने के कारण वोटिंग होना तय हो गया था। ऐसे में अध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। मतदान को लेकर सदस्यों में भी खासा उत्साह देखा गया। अध्यक्ष पद के दावेदारों के समर्थक अपने उम्मीदवार को चुनाव जिताने के लिए समूह बनाकर वोट डालने माली सेवा सदन पहुंचे।









## मतदान बूथों पर लगी लंबी कतारें

70 प्रतिशत मतदानमाली सेवा सदन में सुबह 9 बजे से मतदान आरंभ होने के साथ ही आठों मतदान बूथों पर देशभर से आए सदस्य मतदाताओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई। दोपहर में तो स्थित यह हो गई की वोटर्स को वोट डालने के लिए करीब एक घंटे तक इंतजार करना पडा। इस बार महिला सदस्यों ने भी चुनाव में सक्रिय भागीदारी दिखाई और वोट डालने पहुंची। संस्थान के कुल 7085 सदस्य मतदाताओं में से 4 हजार 9 सौ एक मतदाताओं ने अध्यक्ष के चुनाव में अपने वोट का उपयोग किया तथा 70 फीसदी वोट पडे। कुल 28 वोट निरस्त हुए।

## यातायात व्यवस्था चरमराई, वाहनों की लगी कतारें

अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर के चुनाव में वोट डालने के लिए करीब 1500 लक्जरी कारें व सैकड़ों बसों में सवार होकर मतदाता पुष्कर पहुंचे। इतने अधिक वाहनों के जमावडे से मारवाड़ बस स्टैंड पर बनी निजी पार्किंग से लेकर हायर सेकंडरी स्कूल, बागंड स्कूल तिराहा, गौतम आश्रम, केशव नगर, नया बस स्टैंड तीर्थ पैलेस, दाधीच भवन तक यातायात व्यवस्था गडबडा गई। ट्रैफिक पुलिस के जवान दिनभर मुस्तैद नजर आए।

## अध्यक्ष पद के चुनावी समर में लाखों का खर्च

अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर के अध्यक्ष पद चुनाव में प्रत्याशियों ने जीत के लिए एडी से चोटी तक जोर लगा दिया। एक अनुमान के अनुसार इस चुनाव में लाखों रुपए खर्च करने से भी गुरेज नहीं किया गया। प्रत्याशियों व उनके समर्थकों ने माली सेवा सदन के आस पास से लेकर मुख्य मार्गों तक होर्डिंग व फ्लैक्स लगाए। मतदाताओं को रिझाने के लिए उनके खानेए पीने व ठहरने तक की व्यवस्था की। वाहनों के जरिए दूर दराज के मतदाताओं को लाया गया।

## अध्यक्ष भाटी को बधाई देने वालों का लगा तांता

अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। देश एवं प्रदेश में माली सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों व पंच पटेलों के अलावा गणमान्य समाज संगठन की एडवोकेट बबिता टांक, किशनगढ माली समाज अध्यक्ष नंदलाल सैनी, समाजसेवी महेश चौहान, सुगनचंद उबाना, ओमजी माली, गीता सोलंकी, पार्षद बीना टांक ने भाटी के लिए उत्तरोत्तर जनसेवा में सक्रिय रहकर समाज हित में काम करने की कामना की।

अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर के अध्यक्ष चुने जाने पर
सत्यनारायण भाटी को हार्दिक बधाई



सत्यनारायण भाटी



महेश चौहान
शक्ति टाइल्स
महामंत्री माली महासभा राजस्थान
मोबाइल 9414202231



एडवोकेट बबिता टांक
श्रीबालाजी फ्यूल्स
राष्ट्रीय संयोजक ;महिला विंग गणमान्य समाज संगठन GSS मो-9414534529



ताराचंद गहलोत
गहलोत कृषि फार्म
प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा मोबाइल- 9351350122



नन्दलाल सैनी
श्री हरि मार्बल्स
अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्थान किशनगढ़ मो-9460083623

## सम्पादकीय

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहींए देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13.14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफबढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफजाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा हैए बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैंए वे और भी अमीर हो रहे हैं।आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों ;10 सबसे अमीर भारतीय के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत थाए जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावाए 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा! आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1493 डॉलर था जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1ए597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन.परफॉर्मिंग असेट्स ;एनपीए 50000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर.गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। 'यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंकए इंडसइंड आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है। आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है जबकि 180 दिन से 'यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढ़ने की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया हैए जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफपूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था। इनकम ऐंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडियाए 1922-2023 द राइज ऑफबिल्यनेर राज शीर्षक वाले शोधपत्र के अनुसार आजादी के बाद से 1980 के दशक की शुरुआत तक गैर.बराबरी में कमी आई थी लेकिन इसके बाद इसमें बढ़ोतरी शुरू हो गई और 2000 के दशक की शुरुआत में यह बहुत तेज गति से बढ़ी।

# मुझे फंसाने बदनाम करने की साजिश - न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा

## निवास पर भारी मात्रा में नकदी मिलने का मामला



नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने अपने आधिकारिक आवास पर मारी मात्रा में नकदी बरामदगी से इनकार किया है। उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की रिपोर्ट में न्यायमूर्ति वर्मा अपने आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर भारी मात्रा में रुपए बरामदगी की सूचनाओं को ;न्यायमूर्ति वर्मा को फंसाने और बदनाम करने की साजिश की तरह होने का दावा किया। शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर जारी 25 पन्नों की रिपोर्ट ;जिसके कुछ हिस्से पर काली स्याही लगी होने की वजह से अस्पष्ट हैं में न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि न तो मैंने और न ही मेरे परिवार के किसी सदस्य ने कभी भी उस स्टोररूम ;जहां 14 मार्च 2025 की रात आग लगने की घटना हुई में कोई नकदी या मुद्रा जमा कर रखी थी। उन्होंने दावा किया कि पूरी घटना हाल ही में हुई घटनाओं के एक क्रम का हिस्सा है जिसमें दिसंबर 2024 में सोशल मीडिया पर प्रसारित निराधार आरोप भी शामिल हैं।दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के वरियता क्रम में द्वितीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा ने अपनी ओर से किसी भी नकदी की बरामदगी से इनकार करते हुए कहा कि मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि मेरे या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा उस स्टोररूम में कभी भी कोई नकदी नहीं रखी गई थी और इस बात की कड़ी निंदा करता हूं कि कथित नकदी हमारी थी।

शीर्ष अदालत वेबसाइट पर शनिवार देर रात उपलब्ध रिपोर्ट में मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय के प्रश्नों के उत्तर के अनुसार न्यायमूर्ति वर्मा ने स्टोररूम के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले स्थान से नकदी की कोई बोरी बरामद होने से इनकार किया हैए जहां सभी निजी और सीपीडब्ल्यूडी कर्मचारी आसानी से पहुंच सकते हैं और पिछले गेट से भी नकदी की कोई बोरी बरामद होने से इनकार किया है।

जांच के दौरान न्यायाधीश वर्मा ने अपने आवास पर हुई आग की घटना के दृश्य होने दावा करने वाले वीडियो दिखा जाने पर कहा कि मैं वीडियो की सामग्री देखकर पूरी तरह से हैरान रह गया क्योंकि उसमें कुछ ऐसा दिखाया गया था जो मौके पर नहीं मिला था जैसा कि मैंने देखा था यह स्पष्ट रूप से मुझे फंसाने और बदनाम करने की साजिश लग रही थी। न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि यह विचार या सुझाव कि यह नकदी हमारे द्वारा रखी गई थी या संग्रहीत की गई थी पूरी तरह से बेतुका है। उन्होंने कहा कि यह बताया जाना कि कोई व्यक्ति स्टाफ क्वार्टर के पास या आउटहाउस में खुले आसानी से सुलभ और आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले स्टोररूम में नकदी जमा करेगा अविश्वसनीय और अविश्वसनीय है। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय के समक्ष रखे अपने पक्ष में उन्होंने यह भी कहा कि यह एक कमरा स्टोर रूम है जो उनके रहने के स्थान से पूरी तरह से अलग है और एक चारदीवारी उनके रहने के क्षेत्र को उस बाहरी घर स्टोर रूमसे अलग करती है। नकदी बरामद होने के आरोप के संबंध में उन्होंने कहा कि मैं एक बार फिर स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरे घर के किसी भी व्यक्ति ने कमरे में जली हुई मुद्रा देखने की सूचना नहीं दी है। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह इस बात से और पुष्ट होता है कि जब अग्निशमन कर्मियों और पुलिस के घटनास्थल से चले जाने के बाद हमें स्टोर रूम वापस की गई तो वहां कोई नकदी या मुद्रा नहीं थी। इसके अलावा हमें मौके पर की गई किसी भी बरामदगी या जब्ती के बारे में सूचित नहीं किया गया।

न्यायमूर्ति वर्मा ने बार-बार कहा कि उनके परिवार के किसी भी सदस्य पीएस या घरेलू कर्मचारियों को तथाकथित आधी जली हुई मुद्रा नहीं दिखाई गई।मौके पर कथित रूप से मिली मुद्रा को हटाने के आरोप के संबंध में उन्होंने कहा कि केवल एक चीज जिसे हटाया गया वह मलबा और वह चीज थी जिसे वे बचाने योग्य मानते थेएवह अभी भी घर में मौजूद है और उसे आवास के एक हिस्से में अलग रखा हुआ देखा जा सकता है।

शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना ने विवाद सामने आने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति उपाध्यक्ष को इस मामले में रिपोर्ट देने को कहा था।भारत के मुख्य न्यायाधीश के पत्र के जवाब में 21 मार्च को न्यायमूर्ति उपाध्याय ने कहा कि मेरे द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया बंगले में रहने वाले लोगों नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों ;यदि कोई हो के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के कमरे में प्रवेश या पहुंच की संभावना नहीं दिखती। तदनुसारए मेरी प्रथम दृष्टया राय है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है।न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति उपाध्याय की इसी रिपोर्ट के आधार पर अगला कदम उठाते शनिवार 22 मार्च 2025 को तीन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी।उच्चतम न्यायालय की ओर से शनिवार रात जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य न्यायाधीश ने समिति के गठन का आदेश दियाए जिसमें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल होंगी।

विज्ञप्ति में आगे कहा गया है कि फिलहाल दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को न्यायमूर्ति वर्मा को कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति वर्मा के नई दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर आग की यह घटना 14 मार्च को रात करीब 11.30 बजे हुई। उस समय वह घर पर नहीं थे। बताया जाता है कि आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मियों और पुलिस को एक कमरे में कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिली।दिल्ली उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध न्यायमूर्ति वर्मा के व्यक्तिगत विवरण के अनुसार उका जन्म 6 जनवरी 1969 को इलाहाबाद अब प्रयागराज में हुआ था। उनके पिता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बीकॉम ;ऑनर्सद्ध की डिग्री हासिल की। मध्य प्रदेश के रीवा विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री हासिल की। उसके बाद उन्हें 8 अगस्त 1992 को एक वकील के रूप में नाम दर्ज किया गया।इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक अधिवक्ता के रूप में उन्होंने संवैधानिक श्रम और औद्योगिक विधानों कॉर्पोरेट कानूनों कराधान और कानून की संबद्ध शाखाओं से संबंधित मामलों को संभालने से संबंधित क्षेत्रों में वकालत की। वह 2006 से पदोन्नति तक इलाहाबाद हाईकोर्ट के विशेष अधिवक्ता थे। उन्होंने मुख्य स्थायी अधिवक्ता का पद भी संभाला। 2013 में उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया।

# सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत की बढोतरी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने सांसदों के वेतन दैनिक भत्ते और पेंशन में बढोतरी कर दी है जिससे अब सांसदों को वेतन के रूप में प्रति माह एक लाख रुपए के बजाय एक लाख 24 हजार रूपए की राशि मिलेगी जो 24 प्रतिशत की बढोतरी है।संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि केन्द्र सरकार ने सांसदों के वेतनए दैनिक भत्ते और पेंशन अधिनियम 1954 की धारा 3 की उप धारा ;2 और धारा 8 ए की उप धारा 1 ए के तहत प्रदत अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में बढोतरी का निर्णय लिया है।अधिसूचना के अनुसार सांसदों का वेतन प्रति माह एक लाख रूपए से बढ़ाकर एक लाख 24 हजार रूपए करने, दैनिक भत्ता दो हजार से बढाकर 2500 रूपये और पेंशन 25 हजार रूपए से बढाकर 31 हजार रूपए प्रति माह करने का निर्णय लिया गया है।

# नागौर में हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत



नागौर। राजस्थान में नागौर जिले के भावंडा थाना क्षेत्र में रविवार को बिजली की हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से मोटरसाईकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई।पुलिस उपाधीक्षक गोपालसिंह ढाका ने बताया कि खींवसर के मुंदियाड गांव में सडक पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिरा हुआ था। मोटरसाईकिल सवार युवकों का इस पर ध्यान नहीं रहा और मोटरसाईकिल जैसे ही हाईटेंशन लाइन के टूटे हुए तार के संपर्क में आई तो उसमें करंट दौड़ गया।हादसे में मोटरसाईकिल पर सवार तीनों युवक करंट की चपेट में आने से गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मुंदियाड निवासी पीथाराम देवासी, कालूराम देवासी और जेठाराम देवासी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर उपपुलिस अधीक्षक गोपालसिंह ढाका, थाना प्रभारी महेन्द्रसिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को खींवसर अस्पताल में पहुंचाया।

# मदन दिलावर ने किया प्रदेश के पहले स्टील बर्तन बैंक का शुभारंभ

कोटा। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को कोटा जिले के रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति खैराबाद में प्रदेश का



पहला स्टील बर्तन बैंक का शुभारंभ किया। खैराबाद पंचायत समिति द्वारा इस स्टील बर्तन बैंक का संचालन किया जाएगा। प्रारंभ में इस बर्तन बैंक में 900 सेट स्टील बर्तन रखे गए हैं। बाद में आवश्यकता अनुसार इन की संख्या में वृद्धि की जाएगी।इस अवसर पर दिलावर ने कहा कि शादी समारोह जैसे सामाजिक आयोजनों में बड़ी संख्या में डिस्पोजल आईटम का उपयोग किया जाता है जो समारोह समाप्ति के बाद गंदगी का ढेर बन जाते हैं। इससे बचने का सबसे बड़ा तरीका यही है कि इनका इस्तेमाल बंद किया जाए।उन्होंने कहा कि इसलिए सरकार ने पंचायत स्तर पर बर्तन बैंक शुरू करने की घोषणा की है। प्रारंभ में प्रदेश की एक हजार ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक शुरू किए जाएंगे। इसकी शुरुआत कोटा जिले की रामगंजमंडी की खैराबाद पंचायत समिति से की जा रही है। अब चरणबद्ध तरीके से प्रदेश की अन्य ग्राम पंचायतों में भी बर्तन बैंक प्रारंभ किए जाएंगे।इस मौके पर पंचायत समिति खैराबाद की प्रधान कलावती मेघवालए उप जिला प्रमुख कोटा कृष्ण गोपाल अहीर भाजपा के कई नेता एवं अधिकारी मौजूद थे।

# आस्ट्रेलिया शोधकर्ताओं के अध्ययन से ब्रेस्ट कैंसर से मिलेगा निजात

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में शोधकर्ता ट्रिपल.नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर के इलाज को प्रभावी बनाने के लिए अगली पीढ़ी के नैनोकणों का विकास कर रहे हैं।क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के ऑस्ट्रेलियाई जैव अभियांत्रिकी और नैनो प्रौद्योगिकी संस्थान ,एआईबीएन के



अनुसार शोधकर्ता लौह.आधारित नैनोकण डिजाइन कर रहे हैंए जो टीएनबीसी के खिलाफ शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को मजबूत करेंगे। एआईबीएन के प्रोफेसर यू चेंगझोंग के अनुसारए टीएनबीसी में लक्षित प्रोटीन की कमी होती हैए जिससे प्रभावी उपचार एक बड़ी चुनौती बन जाती है। उन्होंने कहा कि इम्यूनोथेरेपी के बावजूदए टीएनबीसी के खिलाफ इसकी प्रभावशीलता सीमित है और हमारा शोध यही बदलने की कोशिश कर रहा है। नैनोकणों को ट्यूमर में टी.कोशिकाओं की गतिविधि बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया हैए ताकि कैंसर कोशिकाओं को पहचानने और उन पर हमला करने में प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता में सुधार हो सके।

तीस लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के राष्ट्रीय स्वास्थ्य और चिकित्सा अनुसंधान परिषद अनुदान द्वारा समर्थितए पांच साल की अनुसंधान परियोजना का उद्देश्य एक महत्वपूर्ण उपचार अंतराल को पाटना है और यह टीएनबीसी के साथ.साथ अन्य कठिन.इलाज कैंसर के लिए भी नैदानिक अनुप्रयोगों का मार्ग खोल सकता है।एआईबीएन के निदेशक एलन रोवन ने कहा कि यह शोध कैंसर से लड़ने के तरीके को बदलकर महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण बनेगा।

# बिल्ली मारने के आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने एक पालतू बिल्ली की हत्या के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।ढाका मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जीएम फरहान इश्तियाक ने अकबर हुसैन शिब्लू के खिलाफ लगाए गए आरोपों का संज्ञान लेते हुए रविवार को यह आदेश पारित किया।शिब्लू के खिलाफएक फरवरी को एक पालतू बिल्ली की हत्या में संलिप्तता के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। बांग्लादेश में पांच फरवरी को पीपल फॉर एनिमल वेलफेयर फउंडेशन की ओर से नफीसा नौरिन चौधरी ने मामला दर्ज कराया।नफीसा ने बयानों में कहा कि बिल्ली एक फरवरी को गायब हो गई थी। इसके बादए सीसीटीवी फुटेज में शिब्लू को बिल्ली को लात मारते हुए देखा गया।

# अस्मत लुटने से बचने के लिए महिला ने चलती ट्रेन से लगाई छलांग

हैदराबाद। तेलंगाना के एमएमटीएस ट्रेन से एक युवती ;23 बलात्कार के कथित प्रयास से बचने के लिए चलती ट्रेन से कूद गईए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना कोमपल्ली में हुई जब महिला कोच में अकेली यात्रा कर रही महिला को उसी डिब्बे में बैठे एक युवक 25 ने निशाना बनाया। अपनी सुरक्षा के डर से वह ट्रेन से कूद गईए जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

स्थानीय लोगों ने उसे सिकंदराबाद गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जीआरपी पुलिस ने उसका बयान दर्ज कर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।गौरतलब है कि पीड़िता अनंतपुर जिले की रहने वाली है और मेडचल में एक निजी कंपनी में काम करती थी और एक छात्रावास में रहती थी। शनिवार शाम घटना के दौरान युवती मेडचल वापस जा रही थी।पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

# कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण का आरएसएस ने किया विरोध



बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार के सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विरोध किया है और इसे संविधान और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों के विरुद्ध बताया है।संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने रविवार को संपन्न प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक के समापन के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि संविधान धर्म आधारित आरक्षण की इजाजत नहीं देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आरक्षणए भीमराव अम्बेडकर के विचारों के विरुद्ध हैं।होसबोले ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के विरुद्ध जा रहा है।उन्होंने कहा कि कि संयुक्त आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र द्वारा मुसलमानों के लिए धर्म.आधारित आरक्षण लागू करने के पिछले प्रयासों और ऐसे कोटे के प्रावधानों को उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था।मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जो लोग भारत के मूल्यों के खिलाफ गएए उन्हें प्रतीक बना दिया गया।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वालों को तो स्वतंत्रता सेनानी कहा जाता हैए लेकिन जिन्होंने आक्रमणकारियों का विरोध किया उन्हें यह सम्मान नहीं दिया जाता।उन्होंने दिल्ली के औरंगजेब रोड को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि इसे अब्दुल कलाम रोड में बदला गया है। उन्होंने कहा कि भारत में औरंगजेब के भाई दारा शिकोह को कभी एक प्रतीक के रूप में नहीं माना गया जबकि औरंगजेब को इस श्रेणी में रखा गया है।होसबोले ने मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ लड़ने के लिए राजपूत राजा महाराणा प्रताप जैसे वीरों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आक्रमणकारी मानसिकता वाले लोग भारत के लिए खतरा हैं। हमें उन लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए जो भारतीय लोकाचार के साथ हैं।भारतीय जनता पार्टी और संघ के रिश्तों को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान अक्सर इस रिश्ते को लेकर कई तरह के आकलन किए जाते हैं लेकिन असल आकलन तो देश की जनता ने किया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी देश का एक अभिन्न हिस्सा है और अगर वह किसी भूमिका में हैंए तो वे हर सरकार के लिए अभिभावक के रूप में हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई सरकार का हिस्सा नहीं बनताए तो यह अलग बात हैए लेकिन फिलहाल आरएसएस और सरकार के बीच कोई संकट नहीं है और सब कुछ सामान्य रूप से चल रहा है।वक्फसे जुड़े मुद्दे पर होसबले ने कहा कि यह सिर्फ आरएसएस का ही मुद्दा नहीं हैए बल्कि समाज के कई लोग भी वक्फकी जमीनों के मामले में आवाज उठा रहे हैं।इसके हल के लिए सरकार ने संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया है और उसके फैसले का इंतजार किया जाएगा।उन्होंने कहा कि संघ समाज से बाहर नहीं हैए बल्कि वह समाज का एक अभिन्न हिस्सा है।इसके साथ ही उन्होंने यह भी साफकिया कि राम मंदिर का निर्माण आरएसएस की निजी उपलब्धि नहीं हैए बल्कि यह पूरी तरह से समाज की कोशिशों का नतीजा है।

होसबले ने कहा कि संघ कोई मानदंड तय नहीं करताए और न ही किसी खास काम को खुद के नाम से जोड़ता है। संघ समाज का हिस्सा है और समाज ही वह ताकत हैए जो बदलाव और उपलब्धियां लाती है।ष् उन्होंने भारत की गौरव और संस्कृति के पुनर्निर्माण का श्रेय भी समाज को दिया और कहा कि भारत की अस्मिता और संस्कृति को पुनः स्थापित करने का काम समाज ने किया है। यह सब भारत के लोगों की मेहनत और कोशिशों का नतीजा है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि ऐसे कार्यों को श्रेय समाज के समग्र योगदान को दिया जाना चाहिए और यह समाज की सामूहिक उपलब्धि है।प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक में देशभर के 1443 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लियाए जिनमें पूर्वोत्तर से लेकर कन्याकुमारी और जम्मू.कश्मीर तक के स्वयंसेवक शामिल थे। सभा में संघ के पिछले एक साल के कार्यकाल की समीक्षा की गई और आने वाले वक्त में संघ के विस्तार और कार्यकुशलता पर जोर देने की बात की गई।होसबले ने कहा कि विजयादशमी के दिन 100 साल पूरे हो जाएंगे। यह आत्मचिंतन का वक्त है और समाज तक हमारे काम को पहुंचाने की जरूरत हैए साथ ही राष्ट्र निर्माण के लिए आगे का रोड मैप तैयार किया गया है।

संघ के 100 साल पूरे होने पर विजयादशमी के दिनए दो अक्टूबर को पूरे देश में एक लाख जगहों पर उत्सव मनाया जाएगा साथ ही शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत होगी। संघ के सरसंघचालक राजधानी दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु और कोलकाता में बुद्धिजीवियों के साथ बैठक करेंगे। देश भर में एक देशए एक संस्कृति के विचार को मजबूती से स्थापित करने पर बल दिया जा सके और देश की एकता और संप्रभुता के लिए काम किया जा सके। इसके अलावा 15 से 30 साल के युवाओं के लिए खास कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# रींगस से खाटूश्यामजी तक मापदंडों के मुताबिक होगा रेल लाइन का निर्माण



जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की संख्या और जनभावनाओं को देखते हुए रींगस से खाटूश्यामजी तक प्रस्तावित रेल लाइन के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है।भाजपा के मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने सोमवार को बताया कि राठौड़ ने पत्र में प्रस्तावित रेल लाइन और रेलवे स्टेशन का निर्माण राज्य सरकार के राजस्व विभाग और रेलवे विभाग की ओर से निर्धारित मापदंडों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए गजट अधिसूचना के अनुसार करवाने की मांग की।

इस पर वैष्णव ने खाटूश्यामजी रेलवे स्टेशन और रींगस से खाटूश्यामजी तक रेल लाइन के निर्माण का कार्य गजट अधिसूचना के अनुसार करने के लिए संबंधित को निर्देश दिए हैं।

## *new marketing partnership that establishes Parimatch as UFC's Official Sportsbook and Betting Partner in Asia*

UFC Names Parimatch as Official Sportsbook and Betting Partner in Asia UFC, the world's premier mixed martial arts organization, and international iGaming brand Parimatch today announced a new marketing partnership that establishes Parimatch as UFC's Official Sportsbook and Betting Partner in Asia. UFC Names Parimatch as Official Sportsbook and Betting Partner in Asia Beginning with UFC FIGHT NIGHT: EDWARDS vs. BRADY on Saturday, March 22 live from The O2 in London, Parimatch will strategically activate its brand within a selection of UFC events, leveraging UFC's wide-reaching promotional assets. Highlighted integrations include Parimatch branding in the world-famous Octagon and collaborations with UFC to creatively engage fans through original content that will be distributed via UFC's popular digital and social channels in Asia that reach more than 17.5 million users. "Parimatch has been a trusted partner and we are thrilled to extend this collaboration to Asia," said Kevin Chang, Senior Vice President and Head of Asia for UFC. "Their support is instrumental in our efforts to give local athletes the opportunity to compete in the Road to UFC tournament and ultimately help them realize their dreams of making it to UFC. Together, we are driving the growth of our sport and delivering world-class experiences to fans across the region."

# सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के फागोत्सव में फूलों की होली

अजमेर। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय जागृति मंच की ओर से सोमवार को मनुहार समारोह स्थल में फागोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्याम बाबा का आकर्षक दरबार सजाया गया।संस्था की महिला सदस्यों ने एक दूसरे से फूलों की होली खेली। भगवान कृष्ण और राधा रानी की झांकियों के समक्ष खूब नृत्य किया। भीलवाड़ा की जानी मानी गायक चंचल भाटीएअजमेर के संजय परिहार ने एक से बढकर एक भजनों क प्रस्तुति दी। झांकियों में श्रृति ने कृष्ण व उर्मिला सोनी ने राधा बनकर सबका मन मोह लिया। इसी तरह छोटे से कान्हा वृशांक चौहान के नृत्य पर उसके साथ सभी थिरके।



इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सुनीता चौहान, रामकन्या गहलोत, नीतू गहलोत, सुशील चौहान, सुमन भाटी, सरिता चौहान, रजनी कच्छावा, इन्दू अजमेरा, रेखा सैनिक, रेनू चौहान, बीना टांक, पूर्व पार्षद ममता पलाडिया, बबीता मौर्य, बबीता टांक बीना सांखला अल्का पण्डित समेत बडी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## श्री गुजराती महामंडल के चुनाव

# नितिन मेहता अध्यक्ष व राजेश अंबानी बने सचिव

अजमेर। श्री गुजराती महामंडल कार्यकारिणी के चुनाव में नितिन कुमार निर्विरोध अध्यक्ष तथा राजेश अंबानी सचिव निर्वाचित हुए।



निर्वाचन एवं चुनाव अधिकारी हनुमानलाल विजय ने बताया कि 23 मार्च को हुए विद्यालय के सभागार में चुनाव में गुजराती समाज ने सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति के लिए कुल 13 सदस्यों व पांच ट्रस्टियों का चुनाव किया।निर्विरोध निर्वाचन से केएल शर्मा चन्द्रकांत भाई पटेल रमेश भाई सोनी कमलेश भाई गांधी व मुकेश भाई पटेल ट्रस्टी चुने गए। महामंडल कार्यकारिणी में नितिन कुमार मेहता अध्यक्ष सुरेन्द्र भाई मेहता वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम भाई पटेल उपाध्यक्ष राजेश भाई अंबानी सचिव मनोज भाई मणिआर सह सचिव अतुल भाई मेहता कोषाध्यक्ष चुने गए।इनके अलावा कुलदीप व्यास, श्यामजी भाई पटेल, दीपक चावडा, अनिल पटेल, गिरीश सोनेजी, विमल पटेल व जयंत मणिआर को सदस्य चुना गया। नवगठित कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने परिणामों की घोषणा के साथ कार्यभार संभाल लिया। विद्यालय प्रबंध समिति की नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य शुक्रवार 28 मार्च को गुजराती उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष का मनोनयन करेंगे।

# सिन्धी समाज में कार्य करने वाली 11 विभूतियों को सिन्धु रत्न सम्मान



अजमेर। सिंध इतिहास एवं साहित्य शोध संस्थान सिंधी समाज महासमिति के तत्वावधान में चेटीचंड पखवाड़े के तीसरे दिन सिंधुरत्न सम्मान का कार्यक्रम स्वामी कॉम्पलेक्स में संतों के आशीर्वाद से आयोजित किया गया।

अध्यक्ष कवंलप्रकाश किशनानी ने संस्था का परिचय व सिंधु रत्न सम्मान की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की ओर से 2015 से लगातार सम्मान प्रदान किए जा रहे हैं। इस बार विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली 11 विभूतियों को सिन्धु रत्न सम्मान संत महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। संयोजक व सिन्धू रत्न प्रेरणोता गिरधर तेजवाणी ने बताया कि प्रशासनिक सेवा में मनोज भंभाणी, समाजसेवी व राजनीति नरेन शहाणी भगत, साहित्यकार कमला बुटाणी पंडित राजू शर्मा पत्रकारिता क्षेत्र में सुरेश लालवाणी, शिक्षा के क्षेत्र में रुक्मणी वतवाणी, समाजसेवा के क्षेत्र में मोतीलाल ठाकुर, तुलसी सोनी व प्रकाश जेठरा, प्रेस फोटोग्राफर इन्द्र चैनाणी युवा उद्यमी दीपांशु दरयाणी को माला, शॉल, श्रीफल व अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## नियम विरूद्ध पदोन्नति के खिलाफ जांच

जयपुर। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राजकीय महिला इंजीनियरिंग कॉलेज माखपुराए अजमेर में नियम विरूद्ध पदोन्नति के दोषियों के खिलाफ जांच की जा रही है और जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।डा बैरवा ने शून्यकाल में विधायक चंद्रभान सिंह चौहान द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से पूछे गए प्रश्न पर जवाब देते हुए कहा कि इन शिकायतों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है जिसमे शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी शामिल है।उन्होंने बताया कि संदिग्ध कार्मिकों के दस्तावेज गायब होने और राज सेवा में अनियमितता के संबंध में नियमानुसार एफआईआर दर्ज कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए प्राचार्य महाविद्यालय अजमेर को निर्देशित किया गया है साथ ही इस संबंध में पृथक से गहन जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।


हार्दिक बधाई



श्री गुजराती महामंडल अजमेर का सचिव निर्वाचित होने पर

श्री राजेश अंबानी

को

हार्दिक बधाई

शुभेच्छु -
विजय सिंह मौर्य, अकलेश जैन, संतोष खाचरियावास, एडवोकेट बबिता टांक



समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID
sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.


## दोबारा होगा बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का पेपर, पेपर सेटर के खिलाफ होगी कार्यवाही

अजमेर। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं कक्षा कॉमर्स में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विषय का प्रश्न.पत्र दोबारा आयोजित करवाया जाएगा। बोर्ड परीक्षा की नई तिथि शीघ्र घोषित करेगा। प्रश्न.पत्र निर्माण में लापरवाही बरतने वाले पेपर सेटर के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि शनिवार 22 मार्च को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा वाणि'य वर्ग में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का पेपर था। जानकारी में आया है कि प्रश्न.पत्र बनाने वाले पेपर सेटर की लापरवाही से प्रश्न.पत्र पूर्व के वर्षों की भांति बन गया।बोर्ड प्रशासन ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए 12वीं कॉमर्स के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का पेपर दोबारा कराने का निर्णय लिया है। परीक्षा की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)